उपाध्यक्ष महोदय 40–50 करोड़ की बजाये अगर हम 1000 करोड़ भी देदे तो भी यह लिंक बन नहीं पाएगा क्योंकि जब तक उस लिंक पर पैसा खर्च नहीं होगा तब तक वह लिंक पूरा नही हो पाऐगां। हमारी सरकार को यह चाहिऐ था कि सभी

पार्टीज को साथ लेकर केन्दीय सरकार पर इस बात का जोर डालते कि यह काम हमारे हवाले करों। हमारे इंजीनियरिेग इसे बनायेगे। हमारे इंजीनियरिंग बडें ही काफिल है। उन्होने पहले भी कई ऐसे प्रोजैक्ट बनाए है। तभी यह काम पूरा होगा। इस ढंग से तो यह काम कभी भी सिरे नहीं चढेगा। चाहे आप कितना पैसा पंजाब वालों को देते जाआ। पंजाब वाले इस काम में रूचि नहीं लेतें क्योकि वे सोचते है कि अगर यह लिंक बन गया तो सारा पानी हरियाणा को चला जायेगा इसी लिये वे इस काम को सिरे नहीं चढनें दे रहे। उपाध्यक्ष महोदय पंजाब वालों को यह नहीं भूलना चाहिऐ कि इसके परिणाम भयंकर हो सकते है। क्योंकि एक प्रदे ा का एक दूसरे से पूरा पूरा संबंध होता हैं आने जाने के रास्ते इकटठे होते हैं आज तक पंजाब के अन्दर काफी दुर्घटनाएं हो रहीं है। कल को उनके इस व्यवहार से और भी काम बिगड जायेगा। उनको इस बात को भी ध्यान होना चाहिये के उनकी तरफ जाने वाला तेल का रास्ता हरियाणा से हो कर जाता है। अगर हम इस सप्लाई को बन्द कर देगे तो यह अच्छी बात नहीं होगी इस लिये पंजाब वालों को हमसे मिलना कर चलना चाहिऐ। (ाोर एवं व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, हमारे मुख्य मंत्री जैसी बातें कर रहे है। इन बातो से काम नही चलेगा। इन्होनें भिडरवाला को कहा कि आप मुलाजिमों को प्रोटैक ान दे रहें हो आप उनको सरकार के हवाले करो। उन्होनें आगे से जवाब दिया कि आप आओ ओर उन मुलाजिमों को ले जायो। इस तरह की बातो से काम नहीं चलेगा। (ाोर एवं व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, इस

तरह से बात नहीं बनेगी। (ाोर एवं व्यवधान) पंजाब वाली घटनायं भाायद आप हरियाणा में भी करवाने का विचार रखते हो। यह भी कांग्रेस पार्टी की ही पैदाय ा है। इसलिये हम आपकों वार्न करना चाहते.....(ाोर)

चौधरी भामे ार सुरजेवाला: आर्य साहब, आप भी कांग्रेस से बनकर आये थे।

श्री हीरा नन्द आर्य: एक सवाल ऐसा था जब सारा मुल्क ही कांग्रेस के साथ था लेकिन आज काग्रेस बिल्कुल मर चुकी है। एक मुर्दा ला ा बन चुकी हैं। उपाध्यक्ष महोदय मैं इनसे जानना चाहता हूं कि एम0 वाई0 एल0 के बारे में पिछले सै ान में भी रूल 84 के तह्त प्रस्ताव आया था और उस वक्त इन्होनें कहा था कि हम ऐसी कोई बात नहीं होने देगे। आज हरियाणा का हर आदमी इस बारे में महसूस कर रहा हे। लेकिन इसके बावजूद भी इन्होनें आज क्या यत्न किये है। उसका नतीजा क्या निकला है? इन्होनें चाहे लाखों यत्न किये हों लेकिन उसका रिजल्ट 0 रहा है। इसलियें कि 21 करोड़ 20 लाख रूपया तो वे साफ कर चूके हैं हरियाणा को और कितना बर्बाद करोगे। मैं चाहता हूं कि यह प्रस्ताब सर्वसम्पति से मंन्जूर होना चाहिए। अगर सरकार पोजिटिव स्टैप उठाएगाी तो विपक्ष के लोग भी सरकार का पूरा पूरा साथ देगें। मै एक बार फिर वि वास दिलाना चाहता हूं कि हरियाणाा के हित के लिये हमारी पार्टी से बडी कुर्बानी करने के लिये तैयार है।

सेठ राम दास धमीजा (अम्बाला छावनी): आदरणीय डिप्टी स्पीकर साहब, एस0 वाई0 एल0 के पानी को हरियाणा को बहुत ज्यादा जरूरत है। यह ठीक है। कि यह काम दो साल में होना चाहिये था जोकि नहीं हो पाया। इसमें मैं हरियाणा सरकार का तो कसूर नहीं समझता (विघ्न) एस0 वाई0 एल0 का पानी प्राप्त करने के लिये हरियाणा का एक बच्चा अपनी सरकार के पीछे खड़ा था। इस बारे में जो एग्रीमैंट हुआ था उसमें यह भार्त रखी थी कि अगर इस काम मे कोई अड़चन पैदा होगी। तो भारत सरकार इस नहर को बनाऐगी। मै समझता हूं कि वक्त आ गया है। कि भारत सरकार इस मामले मे दखल न दे। अब भारत सरकार इस नहर का चार्ज अपने हाथ में ले ले ओर इसको बनाये। हम भारत सरकार से सिफारि ाों करेगे कि वह इस काम को अपने हाथ में ले ले ताकि यह काम जल्दी खत्म हो सके। जो हमने साढे बीस करोड़ रूपया पंजाब वालों को दिया हुआ हैं उसका अब तक कोई नतीजा बरामद नही हुआ है। यह हरियाणा सरकार की खून पसीने की कमाई हैं हम यह नहीं चाहते कि यह पैसा नाजायज खर्च हो। सब हरियाणा निवासी चाहते है कि एस0 वाई0 एल0 जल्दी तैयार हो इस मामले मे सारे हरियाणा के लोग हमारी पार्टी के साथ खड़े है।

श्री वीरेन्द्र सिहं: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। क्या सदन में पढ़ कर भी भाशण दिया जा सकता है।

इनको भाम ोर सिंह सुरजेवाला जी ने लिख कर दे रखा हैं उसी को रट लगा रहें है।

श्री उपाध्यक्षः वे पढ़ नही रहें है। बल्कि प्वाइंट देख रहे है।

सेठ राम दास धमीजाः आदरणीय डिप्टी स्पीकर साहब, आज हरियाणा का हित कांग्रेस पार्टी के हाथ मे सुरक्षित हैं। मैं समझता हूं कि जो कागें्रस पार्टी हरियाणा कि लिये कर सकती हैं वह ये लोग नहीं कर सकते? ये अच्छी बात को भी बुरी कहते है इनके हिस्से में तो यही आया हैं कि अच्छे काम को भी बुरा कहो। यह प्रस्ताव अपोजी ान की तरफ से आया है। लेकिन हम इसकी हिमायत कर रहे है। (विघ्न) जहां तक एस0 वाई0 एल0 पानी का ताल्लुक है इस पानी के आने से हरियाणा की बहुत भारी तरक्की होने वाली है। और खास तौर पर अम्बाला को प्रति आदमी 40 गलैन पानी मिलेगा। हमारी प्रधानमंत्री महोदया ने आज तक हरियाणा के हितो का पूरा ध्यान रखा हैं मुझे उम्मीद हैं वे अब भी पूरा ध्यान रखेगी और जल्द से जल्द यह काम मुकममल होगा। इसके मुककमल होने से जहां फालतू पानी से पंजाब में सेम आती हैं वहां हरियाणा में खु क जमीन को पानी मिलेगा। मैं अपनी प्रधान मंत्री महोदया को फिर से रिकवैस्ट करूंगा कि यह नहर जल्दी मुककमल की जाये। आज हम हर जगह सीवरेज बिछा रहे है। लेकिन अगर पीने का पानी नहीं मिलेगा तो सीवरेज कैसे चलेगी? आज हरियाणा में कोई भी आदमी ऐसा नहीं है। जो यह

चाहता हो कि यह पानी हमें न मिले। मैं आपोजी ान पार्टी से भी रिक्वैस्ट कंरूगा कि वे इस मामले में सहयोग दे और किसी किस्म का नाजायज कटाक्ष न करे ताकि यह मामला न रूके। गलत बात को गलत कहो और सही बात को सही कहो। इस मे घबराने की बात नहीं है। अन्त में आ ाा करता हूं कि यह काम जरूर होगा। इतना कहते हुए आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री मंगल सैन (रोहतक): उपाध्यक्ष महोदय, आज सदन में एक महत्वपूर्ण विशयो पर परिचर्चा चल रही है। मेरे दल के एक साथी ने यह प्रस्ताव सदन में रखा है। इसमें तीन मोटी बातें कही गई है। पहली बात यह है कि यह सदन सरकार से सिफारि ाों करता है। कि मरकज की सरकार से बात की जाए कि पंजाब क्षेत्र मे जो एस0 वाई0 एल0 नहर की कंस्ट्रक ान का काम चल रहा है। वहां से वापिस ले लिया जाए और हरियाणा सरकार को सौंप दिया जाय और साथ साथ.....(व्यवधान)

श्री भागी राम: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है भार्मा साहब ने हुक्का बीडी हाउस में ला रखे हैं। क्या कोई मंत्री ये भी हाउस में ला सकते है? (ाोर)

श्रीमती चन्दावती: डिप्टी स्पीकर साहब, बात यह है कि अगर इस तरह पाइप और तम्बाकू हाउस में आने लगेगा तो यह हाउस के प्रिवलेज की बात हैं। यह बड़ी गलत बात हैं इस तरह

से हाउस की मर्यादा भंग होती है। ये जेब मे तो रख सकेत है लेकिन टेबल पर नही।(ाोर)

श्री उपाध्यक्षः इसमें हुक्के वाली बात नहीं हैं। वैसे भी हाउस में कोई स्मोक तो नहीं कर सकता लेकिन पास रखने में को हर्ज नहीं है।(ाोर)

श्री मंगल सैनः डिप्टी स्पीकर साहब, जो प्रंस्ताव सदन में पें ा किया जा गया है। यह हरियाणा की 1 करोड़ 30 लाख अवाम की जिंदगी और मौत से वास्ता ह। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी भाम ोर सिंह सुरजेवालाः डिप्टी स्पीकर साहब, सिगरेट और पाइप कोई भी आदमी अपनी जेंब मे रख सकता हैं यह कोई बेपन हैं नहीं जिसको कोई अपने पास नहीं रख सकता। यह तो सिगरेट पाइप है जो जेब में रखा जा सकतां। माननीय सदस्य में साईड ट्रेक करने के लिए यह मामला खड़ा किया है। हाउस में ये बातें कहने का कोई मतलब नहीं (ाोर)

श्री ममी चन्दावतीः डिप्टी स्पीकर साहब, फिर तो मैं मंत्री जी को कहूंगी कि आप भी अपनी टेबल पर सिगरेट पाईप रख लिया करें और यहां बैठ कर पी लिया करें।(ाोर एव विघ्न) We are no side tracking. We are taking it very seriously. (interpretations)

श्री उपाध्यक्षः मैडम ऐसी बात नहीं है।

(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)

श्री मंगल सैन: डिप्टी स्पीकर साहब, हाउस में एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा हो रहीं है। और यह प्रस्ताब हरियाणा प्रान्त की 1 करोड़ 30 लाख अवाम की जिंदगी और मौत के साथ बाबस्ता हैं जिस वक्त दे ा का बंटवारा हुआ उस समय हमारे दे ा के कुछ दरियाओं का पानी पाकिस्तान की ओर जाता था। उस समय हिन्दुस्तान सरकार ने इन्डस वाटर ट्रीटी करके वर्ल्ड बैंक की मारफत पाकिस्तान को 110 करोड़ रूपए दिए थे। हिन्दुस्तान सकी सरकार ने उस समय वर्ल्ड बैक के सामने जो एगीमैंट रखा था उसमें यह कहा गया था कि प्रजाब का कुछ हिस्सा (अब का हरियाणा) डैजर्ट है।और वह ऐसा इलाका है जहां पर पानी उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण खेती पूरी नहीं कर सकती । पीने का पानी दूर से लाना पड़ता है स्पीकर साहब, मेरे कहने का मतलब है कि उन बातके से प्रभावित हा कर यह पानी लिया गया हैं उस समय पंजाब और हरियाणा इकटठे ही थे। कजस सवय पंजाब ओर हरियाणा अलग हुए उस समय इस पानी के बंटवारे को सवाल आया इस बारे में कई कमेटियों बैठी। स्पीकर साहब, मेरे लायक दोस्त श्री वीरेन्द्र सिंह जी जनता पार्टी के भाासनकाल में इस महकमें के वजीर थें इन्होनें सारे रिकार्ड को स्टटी करके इस को डील किया था। स्पीकर साहब, मुझे भी त्रिपक्ष वार्ता मे जाने का मौका मिला है। जिसमें इस बारे सारे डाकूमैंटसय दिय गए थे। पंडित श्रीराम भार्मा कमेटी बनी वाही साहब कमेटी बनी। और फूड कमेटी बनी। तीन कमेटियां थी। उन कमेटीज ने 4.8 एम0 ए0 एफ0 पानी की रिकमैंडे ान की थी।

हमारे दे ा के इस समय के राश्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी उस समय पंजाब के मुख्य मंत्री होते थे। उन दोनों ने उस समय श्रीमती इंदिरा गांधी के सामने हरियाणा प्रान्त के लिये 3.5एम0 ए0 एफ0 पानी का फेसला किया था स्पीकर साहब, जनता पार्टी के भाासन काल के दौरान हमने एस0 वाई0 एल0 नहर को खुदवाने के लिए काफी कोि ा ा की थी लेकिन हम कामयाब नहीं हो सके।चौधरी भजनलाल जी ने 31–12–1981 को एक एग्रीमैंट किया। लिस समय वह एग्रीमैंट हुआ उस समय प्रजाब, हरियाणा और राजस्थान तीनों स्टेट्स के मुख्य मंत्रियो ने प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की अध्यक्षता में यह फैसला किया था कि दो साल के अन्दर अन्दर जो पानी हरियाणा को मिलना है। उसके लिए लिक कैनाल का निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। स्पीकर साहब, इस फैसले पर इन्होने बहुत खुि ायों मनाई सरकारी बिल्डिगों पर रैस्ट हाउसिज पर दीप मालाऐ जलाई भंगडे डलवाए। इन्होनें कहा कि हमने बडा भारी मोर्चा जीता हैं। इस बात पर पंजाब में भाोर हुआ। पंजाब के अपोजी ान मैम्बर्ज ने काफी भाोर किया और उन्होने कहा कि इस मामले पर उन्हें व्हाइट पेपेर ई ू किया जाए। उस समय व्वाइट पेपर ई ू किया गया और यह कहा गया कि हमने हरियाणा को जो 3.5 एम0 ए0 एफ0 पानी दिया हैं यह मने बडी भारी अचीवमैट की हैं । चौधरी बंसी लाल जी के वक्त में जो फैसला हुआ था उसमें यह कहा गया था कि हैड वर्कस पर सैटर गवर्नमैट का कंट्रोल होगा तोवह यह कहेंगें कि एस0 वाई0 एल0 नहर के पानी का जो 3.5 एम0 ए0 एफ0 पानी

हिस्सा हरियाणा को देगें। वह तो ठीक हैं लेकिन जितनी हमारी मर्जी होगी उतना ही पानी हरियाणा को देगे। इस समय भी हरियाणा को जो पानी मिल रहा हे। वह बहुत थोडी मात्रा मे मिल रहा हैं। और सारा पानी पाकिस्तान की ओर जा रहा है। कजस की वजह से हरियाणा की धरती प्यासी है। स्पीकर साहब, श्रीमती इंदिरा गांधी ने एस0 वाई0 एल0 नहर की खुदाई के लिए उदघाटन किया ओर उस खुदाई में बड़ी कंट्रोलेवर्सी हुई। (ाोर एव विघ्न) स्पीकर साहब, चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला जी मेरे लायक दोस्त हैं बहुत अच्छे आदमी हैं। हम इनके खिलाफ एस0 वाई0 एल0 नहर की खुदाई के बारे मे जो इन्होनें कंट्रोडिक्टरी स्टेटमैटस दी है उस के बारे में एक प्रिविलेज मो ान लाए थे। लेकिन आपके हुक्म के मुताबिक वह डिस अलाऊ कर दी गई। स्पीकर साहब, आपका फैसला तो हमारे लिए आखिरी मौका हैं हमने आपके फैसले को कबूल कर लिया। स्पीकर साहब, मैने पिछले सै ान में 17 मार्च को एस0 वाई0 एल0 नहर के बारे मै एक सवाल दिया था उस समय मैनें इनस यह पूछने की कोि ा ा की थी कि एस0 वाई0 एल0 नहर की खुदाई मे कितनी प्रोगैस हुई हैं इस सै ान मैं भी 12 सितम्बर को मैनें एस0 वाई0 एल0 नहर की खुदाई के बारे में भी एक सवाल पूछा था और उसमें भी मैनें खुदाई के आरे में प्रोगैस पूछी है। स्पीकर साहब, मैं इनसे बार बार इस नहर की खुदाई की प्रोगैस पूछता हूं और इस सरकार की तरफ से एक ही जवाब मिलता है। कि कोई प्रोगैस नहीं है। खुद भी मानते हैं और बड़े नाराज हो कर इन्होने प्रैस स्टेटमैट दी कि

पंजाब वाले किस मुंह से और पैसा में मांगते है? हमने उनको पहले जो पैसा दे रखा है पहले उसका हिसाब दें। स्पीकर साहब, इन्होंने उस नहर की खुदाई के लिए अनाप भानाप ढंग से पैसा खर्च कर दिया। खुदाई फिर भी नहीं हुई है। और बड़ी बेरहमी से साथ पैसा खर्च किया है। वह पैसा खर्च हाने से दिल में कोई दर्द नहीं है। क्योंकि वह पैसा तो हरियाणा के गरीब किसानों मजदूरों और आम आदमियों के खूने पसीने की कमाई का है। जैसे मर्जी ये गुलछर्रे उडाऐ इनको कोई रोकने वाला नहीं है। स्पीकर साहब, जो एगीमैंट हुआ था उसमें यह फैसला किया गया था कि नहर की खुदाई के बारे में क्वार्टली मीटिंग होती रहेगी और खुदाई की प्रोगैस का पता लगाता रहेगा। स्पीकर साहब, मेरे सवाल के जवाब मैं सुरजेवाला साहब फरमाते है।

" It is not in the interest of the public to dislcose the proceedings of those meetings."

फिर पब्लिक इन्ट्रेस्ट किस बात में होता हैं? स्पीकर साहब, मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि जो क्वार्टरली मीटिग होती हैं उन मींटिगों में क्या कभी यह ि ाकायत रखी थी कि नहर की खुदाई का काम सन्तोशजनक नहीं हैं? स्पीकर साहब, हरियाणा की जनता बहुत परे ाान है। और जानना चाहती है। कि उन मीटिगों में उनके हित की बात की हैं या नहीं। जबहम इनसे उन मीटिगों के बारे में पूछते तो यह बताने के लिए तैयार नहीं है। स्पीकर साहब, इन मीटिगों की कार्यवाही छुपाने के लिए तो

पब्लिक इन्ट्रैस्ट का एक बहाना है। पब्लिक इन्ट्रैस्ट इन बातो में होता है जिन में सरकार उनके हित की बात करती है। और उनको उन बातों के बारे में बताती हैं। जनता को पता लगे कि सरकार के प्रति कही ऐसी भावना तो नहीं हैं। कि सरकार कोरे झूठे वायदे करती है। हमें झूठे झासें देती है। और हमं बहकाती है। लेकिन वास्तव में कुछ ओर करती है। स्पीकर साहब आज हमारे पडौसी राज्य में बदअमनी फैली है। और ला एड आर्डर टूटा हुआ है। वहां पर कोई भी सुरक्षित नहीं है। साधारण की तो बात ही क्या हैं वहां पर डी0 सी0 आई0 जी0 और पुलिस इन्सपैक्टर तक दिन दहाड़े गोलियों से मारे जाते है। गोली मारने के बाद अपराधी धार्मिक स्थानों में जा कर छुप जाते है। मुख्य मंत्री जी ने नानक लिवास में जनरैल सिंह भिडरवाला को पत्र लिखा कि हमारे प्रांन्त के अन्दर मारे गए व्यक्ति के चार कातिल आपके पास है। आप उन्हे हरियाणा के लोटा दे। इसके उतर में भिण्डरवाला लिखते है कि चारों व्यक्ति हमारे पास है आ कर ले जाओ। अब इनकी हिम्मत नहीं है कि इन कातिलो को वहां से ले आयै। (ाोर) This is the condition of this country and there is a State within a State. That man is so powerful that the Chief Minister cannot dare to apprehend the culprits who are responsible for murdering innocent persons at Rori. स्पीकर साहब, इससे बढ़ कर हरियाणा के लिए बदकिस्मती की बात और क्या हो सकती है। पंजाब के अन्दर भी कांगेस पार्टी की सरकार हैं यहां पर भी काग्रेस पार्टी की सरकार है। और सैन्टर के अन्दर

भी कागेस की सरकार है। जब तीनों स्थानों पर एक पार्टी की सरकार हे। और फिर भी नहर की खुदाई न हो तो इससे बढ़कर दुख की बात ओर क्या हो सकती हैं मै जानना चाहता हूं कि क्यों वहां पर भिण्डरवाला अडें हुए है या अकाली पार्टी ने मोर्चा लगाया हुआ है। अकालियों से हमारे कुछ मामलों में मतभेद जरूर है। लेकिन हर मामले में अकालियों को भाामिल करे। यह बात समय से बाहर हैं ये खुद मसले को हल नहीं करना चाहते ताकि अगले चुनाव में जनता को कह सकें कि हमने तुम्हें पानी लेकर दिया है। भजन लाल जी ने तो भाुरू में कहा था कि यदि नहर की खुदाई दो साल के अन्दर अन्दर न हुई तो इस्तीफा दे दूंगा। मुझे मालूम हैं कि ये इस्तीफा नहीं देगें। यह पक्की बात हैं क्योंकि यह सोचते है कि मुख्य मंत्री की गद्दी एक बार हाथ लगती है। बार बार हाथ नहीं लगती हैं इनको यह भी पता हें कि इनके 8 दोस्त इनकी गददी के पीछे पड़े हुए है। उन्हे कांग्रेस हाईकमान कह रहा है। कि से ान निकल जाने दो यानि सितम्बर के बाद इनकी छुट्टी कर देंगे।

आवाजें: आप अपनी चिन्ता करें इनकी क्यों करत है।

श्री वीरेन्द सिंह: ये कौन बोल रहे है। पता नहीं चल पा रहा।

श्री मंगल सेन: स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि जब ये बीच में बोलते हैं तो मेरा लिक टुट जाता हैं इसलिए

इनको चाहिए कि ये बीच में न बोले। स्पीकर साहब, मैं कर रहा था कि ये मसले को स्वंय जानबूझ कर हल नहीं करना चाहते। इस काम के लिए ये खुद जिम्मेदार है। ये लोग हरियाणा की आवाज को तडपता हुआ देखना चाहतें है। और हरियाणा की धरती पर धूल उड़ती हुई देखना चाहतें है। अगर ये इस मामले में सीरियस होते तो श्रीमती इन्दिरा गांधी के पस अपना बस्ता उठा कर जाते कि हरियाणा के आवाम के लिए कुछ कीजिए नही तो हमसे सरकार नही चल सकेती। और सरकार चलेगी लोगों को प्यासे मार कर। इस सारे काम के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार है। इन्हे इस बात को ठीक करना चाहिए। स्पीकर साहब, मेरे एक बुजर्ग साथी हाउस में कह रहे थे कि इस मामले में मुख्य मंत्री जी के पीछे हरियाणा का बच्चा बच्चा है। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या इनके पीछे हरियाणा का कोई नौजवान नहीं हैं?

सेठ राम दास धमीजा: मैं अब भी कह रहा हूं कि एस0 वाई0 एल0 के मामले पर हरियाणा की सारी जनता इनके पीछे है।

श्री मंगल सेन: स्पीकर साहब, मुझे कहते हुए बड़ा दुख होता है प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी दे ा की प्रधान मंत्री है। उनके खिलाफ कोई बात कहना भाोभा नही देता । धमीजा साहब कर रह थे कि श्रीमती इन्दिरा गांधी के हाथों मे हरियाणाा के हित सुरक्षित है।

सेठ राम दास धमीजा: इसमें कोई भाक नहीं है।

श्री मंगल सेनः अगर भाक होता तो आपकी नौकरी चली जाती। स्पीकर साहब, जिस नेता के हाथ में ये हरियाणा के हित सुरक्षित बता रहे है। उसी के संबंध में मैं बताना चाहूंगा कि चण्डीगढ़ का जब सवाल उठा था तो भााह कमि ान ने और जूडि ायरी ने हमारे हक मे फेसला किया था अदालत ने दस्तावेज देख कर हमारा हक कबूल किया था। उसी हक को श्रीमती इन्दिरा गांधी ने छीन कर पंजाब को दे दिया। अब भी ये कह रहे है। कि उनकी हाथों में हमारे हित सुरक्षित है। अब हम कैसे मान सकते हैं कि उनके हाथों में हरियाणा के हित सुरक्षित रहेगे। या हरियाणा के साथ इन्साफ होगा। मैं फिर क्षमा चाहूगा वे हमारी प्रधान मंत्री हैं कि हरियाणा के साथ किया हैं कोई कम नहीं हैं। जो भी मुख्य मंत्री बनेगा वह हमारी हां में हां करके चलेगा इसलिए उन्हें हरियाणा का कोई ध्यान नहीं हैं। सी0 एम0 साहब, ने कहा था कि यदि हरियाणा के हितों के साथ बेइन्साफी हुई तो वे इस्तीफा देगे। ये आज फिर हाउस में कह दे कि यदि हरियाणा के हित को ध्यान में रखते हुए दो साल के अन्दर अन्दर एस0 वाई0 एल0 नहर की खुदाई नही हुई तो वे इस्तीफा दें देगे। यदि ये इस बात को स्वीकार करते हुए इस्तीफा दे देते हैं तो हमारी अपोजीि ान पार्टी इनसे पहले इस्तीफा देगी। लेकिन स्पीकर साहब, आप जानते हैं कि कांग्रेस का मामला ही ऐसा है। कोई मैम्बर खिसकता नहीं सब को धक्के मारते हुए चलते रहते है।

कोई बोलने वाला नहीं है। स्पीकर साहब, इस मामले का हरियाणा के जीवन मरण के साथ संबंध हैं जो प्रस्ताव हाउस में लाया गया वह बिल्कुल ठीक है। मैं साथ ही साथ यह प्रार्थना भी करता हूं कि इस प्रस्ताव को सारा सदन पास करें। इस यकीन के साथ पास करे कि हरियाणा की जनता इस मामले में एक है। हरियाणा के लोग अपने इरादे के पक्के हैं और वे अपनी मांग से पीछे नहीं हटेगे। प्रधानमंत्री को इस बात का अहसास हो जाना कि हम अपने हक को छोडने वाले नहीं हैं। स्पीकर साहब, यदि पंजाब सरकार नहर की खुदाई नहीं करवाती तो इनका फर्ज बनता था कि ये सैन्टर को जा कर कहें कि हमारी बात को सुनो ओर हमारे हित को ध्यान में रखते हुए नहर जल्दी से जल्दी पूरी करे। यदि पंजाब नहर की खुदाई नहीं करता तो हरियाणा सरकार को खुद खुदाई करनी चाहिए। इसके साथ साथ मैटरियल की जो कौस्ट बढती जा रही है। उस को पंजाब सरकार से वसूल करना चाहिए। स्पीकर साहब, इस मामले पर सारे प्रदे ा में बैचेनी पायी जाती है। इन्होने इस नहर का हैड वर्कस भी पंजाब सरकार के हाथों में सुरक्षित कर लिया है। उस पर भी ये अपना कब्जा नहीं रख पाये। इनको सैन्टर्ल गवर्नमैट से कहना चाहिए कि यदि हमें हमारा हक नहीं दिया होता। अब भजन लाल में ऐसी हिम्मत ही नहीं हैं जो यह बात प्रधान मत्री को कह सके। अब भी इनके दिल में किसी कोने में यदि कोई साहस बचा हुआ हैं। तो उसको बटोर कर हिम्मत करके तथा हरियाणा की जनता को साथ मिला कर आगें बढ़े । इस काम मे सभी इनके साथ है। अध्यक्ष महोदय, मै इनको

यह बात कहना चाहता हूं कि मुंख्य मंत्री बार बार नहीं बना जाता। एक दिन हटना भी जरूरी हैं या हटाया भी जाना हैं इसलिए क्यों न सब को साथ लेकर हिम्मत से काम ले ताकि हरियाणा को कोई नुकसान न हो। जो इस संसार में आया हे। उसको जाना भी एक दिन जरूर पड़ता है। इसलिए इन्हें हरियाणा के इतिहास में एक ऐसी जगह बनानी चाहिए जिसको आने वाली पीढी रखे ताकि लोग यह महसूस करे कि हरियाणा में कोई सी0 एम0 था जिसने हरियाणा के हित को ध्यान में रखते हुए बगावत का झण्डा लहराया था और हरियाणा को कोई नुकसान नहीं होने दिया था। इसलिए स्पीकर साहब, अन्त में मैं फिर सी0 एम0 साहब से निवेदन करूंगा कि वे हरियाणा के हितों को ध्यान में रखते हुए काम करे। इतने कहते हुए आपका धन्यावाद करते हुआ मैं आपना स्थान लेता हूं।

12.00 बजे

श्री सागर राम गुप्ता (भिवानी): स्पीकर साहब, एस0 वाई0 एल0 नहर के बारे में जो प्रस्ताव सदन में पें ा है। मैं इसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । स्पीकर साहब, आपको मालूम हैं कि हरियाणा में सिचाई के लिए पानी की बहुत कमी है। खास तौर से दक्षिणी हरियाणा में पानी की बहुत कमी है। भिवानी जिला से मै चून कर आता हूं कि हिसार जिले के कुछ इलाका महिन्द्रगढ़ जिले का कुछ हिस्सा ऐसा हैं जिस में सिचाई के लिए पानी की बहुत ज्यादा जरूरत है। स्पीकर साहब, आपको

मालूम है। कि चौधरी बंसी लाल के वक्त में बनी हुई नहर और दूसरी नहरों मैं पानी कम होने के वजह से पानी 12 महीने नही चलता। सिर्फ साल में तीन चार महीने चलता है। और वह भी न के बराबर हेाता हैं क्योंकि कुछ सुबाई दिक्कतों की वजह से कई दफा बिजली नही होती कई जगहों पर ट्रांसफामर्ज नहीं होते जिसकी वजह से पानी ऊपर लिफट नहीं होता और ऊंचे इलाको मे पानी नही जा सकता। इन इलाको में सिचाई की बहुत ज्यादा जरूरत हैं स्पीकर साहब, डा0 मंगल सैन बात करते है अपोजी ान के नाते से असल में उनको पानी की जरूरत नहीं है। ये कल ञिक कर रहे थें कि पानी ज्यादा होने की वजह से व फूके पड़े है। दरअसल पानी की हमें दिक्कत हैं यह बात किसी से छुपी हुई नहीं हैं.....

श्री मंगल सेनः अगर बाढ़ का पानी आपको चाहिए तो आप ले लीजिए।

श्री सागर राम गुप्ता (भिवानी): आप दे दीजिए हम बाढ़ वाले पानी से काम चला लेगें लेकिन वह भी ये नहीं देना चाहते दिक्कत तो इस बात की है। (व्यवधान) असल में पानी की दिक्कत हमें हैं स्पीकर साहब एस0 वाई0 एल0 नहर के बारे मैं जो फैसला किया गया हैं यह बहुत अच्छा फेसला है। और हरियाणा के हित में किया गया है। अगर इस फैसले को अमली जामा पहनाया जाए तो मै समझता हूं कि हरियाणा की माली हालत काफी बेहतर हो सकती है। लेकिन जैसे हालात ने जाहिर किया हमें मालूम यह

होता हैं कि पंजाब सरकार जानबूझ कर और कुछ हालात के तकाजे को देखकर इस मामले मे उतनी दिलचस्पी नहीं ले रही है। जितनी किउसको लेनी चाहिए थी मै। समझता हूं कि पंजाब सरकार को इस मामले मे पूरी दिलचस्पी लेनी चाहिए थी क्योंकि वहां भी हमारी ही पार्टी की सरकार हैं लेकिन स्पीकर साहब, आप जानते है कि जब सवाल इस बात का आ जाता हैं कि पहले अपना पेट भरना हैं या पडोसी का भरना है तो इन्सान कमजोर पड़ जाता है। यह एक इन्सानी कमजोरी है कि वह पहले अपने पेट की फिकर करता हैं पडोसी के पेट की फिकर बाद में करता हैं। मैं पंजाब सरकार को दोश नही देता लेकिन एक बात जरूर कहूंगा कि पंजाब सरकार से कि उसको जो जायज हिस्सा मिलना हैं वह हिस्सा पंजाब सरकार अपने पास रखे और जो हिस्सा हरियाणा के जिम्मे हो चूका है। जिसका फैसला हो चूका है। समझौता हो चूका है। और दस्तखत हो चुके हैं पंजाब सरकार को वाजिब था कि मुकर्रर समय के अन्दर इस लिंक कैनाल को खोदकर उस पानी का हिस्सा हरियाणा को दे। खास तौर पर उस वक्त जब हरियाणा सरकार से जब जब उन्होनें जितना पैसा मांगा उनको बराबर देते रहे। अब पंजाब सरकार का यह कदम जो काम में डिले करती रही मैं समझता हूं मुनासिब नहीं हैं स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार ने केदीय सरकार से बात करके पंजाब सरकार के मजबूंर करने की कोि ा ा की कि इस काम को कमलीट किया जाय। लेकिन स्पीकर साहब, आप जानतें हैं जिस ने काम करने मे देरी करनी हो या काम करना ही न हो। उस के पास सौ तरह से बहाने होते हैं

वह सौ तरह के बहाने तला ा कर लिया जाता है। पंजाब सरकार को यही रवैया है। इस प्रस्ताव पर बोलते हुए विज साहिब ने वाजिब बात कही कि यह नहर नही खुद सकेगी अगर यह काम पंजाब सरकार के जिम्मे ही छोडा ही जाता रहा। केन्द्रीय सरकार इस में दिलचस्पी लेती हैं कई मीटिगं बुलाई गई यह जानने के कि क्या प्रोगेस हुई और केन्दीय सरकार उसको बार बार रिव्यू करती रही लेकिन जैसा कि आप जानते हैं पंजाब सरकार के ऊपर हालात बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं और इन दिनों में केन्दीय सरकार पंजाब सरकार के ऊपर दवाब नहीं डाल सकी । कि यह काम जल्दी करो नही तो तुम्हारी छुट्टी कर देगे। केन्दीय सरकार ऐसा नही कर सकती इसलिए इस प्रस्ताब में यह वाजिब बात कही कीगाई कि सैन्ट्रल गवर्नमैट से बात करके आगे यह बात तय की जाए कि हरियाणा सरकार स्वयं इस काम को करेगी तो निस्चित तौर पर यह काम भी नि चत समय के अन्दर पूरा हो सकता है। क्योकि हरियाणा काफी दिलचस्पी ले रही है। लेनी भी चाहिए। क्योकि हरियाणा को पानी की बहुत ज्यादा जरूरत है। लेकिन इस प्रस्ताब में जो प्राईस एक्सक्लसे ान की बात कही गई है। मैं इससे सहमत नहीं हैं मैं उन लोगों मे से हूं जों यह नहीं चाहते कि ठीक हैं दूसरा आदमी कसूर भी करता है। गलत बात भी करता काम करने में ढील करता है लेकिन अगर उसको इस कसूर की वजह से सजा के तोर पर यह कहा जाये कि साल डेढ साल में जो ज्यादा खर्चा हुआ है। वह आपके जिम्मे होना चाहिए। तो ठीक नहीं। मै ऐसा नहीं चाहता हूं हमें नि चत तौर पर पंजाब

सरकार के हालात का जायजा लेना पडेगाा ओर दिमाग मे इन बातों को रखना पड़ेगा मैं इस बात से डरता हूं किअगर हम इस बात की जिद्दी करेगे किजो कौस्ट पिछले तीन सालो की पड़ती है। वह पंजाब सरकार देगी तो हमारे हक में ठीक नहीं रहेगा। क्योकि अगर हम जिददी करैगे तो हो सकता हैं जो पहले वाली बात इस प्रस्ताब में कही गई है। कि हरियाणा सरकार इस काम को स्वयं करे तो भाायद यह बात न मानी जाये मैं यह बात कहूंगा। जहां तक खर्चे का सवाल हैं इसको बारे में हम जिद्द न करे सिर्फ इतना कहें कि यह हरियाणा स्टेट के ऊपर नाजायज खर्चा डल रहा हैं इसलिए उसकी पूर्ति केन्दीय सरकार करे। इस अमैडमैट से साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं कि हरियाणा सरकार से अपील करता हू कि इस प्रस्ताप को केकर केन्दीय सरकार से बातचीत करे और पूरी कोि ा ा केरे कि इस कैनाल की खुइाई हरियाणा सरकार के हाथो में आ जाए।

श्रीमती चन्द्रावती (बाढडा): स्पीकर साहब, हमारे सामने जो रैजोल्यू ान हैं इस के बारे में मैं यह कहूंगी कि इस रैजोल्यूसन को बिना डिसकस किये पास कर दिया जाए क्योकि इस विशय पर पब्लिक प्लेटफारम के द्वारा और बहुत सी कमेटियों के द्वारा मान्यूटली डिसकस हो चूकी है। 3.5 मिलियन एकड़ या 4 प्वाइंट समथ्रिग यानी जितना पानी हमको चाहिए या हमारा हक बनता हैं उस पर बहुंत डिसकसन हो चुकी है। इन सारी बातो को मेरे साथी कह चुके है। मै इन बातो को दोबारा दोहाराना नहीं

चाहती हूं न ही मैं सदन में दोबारा रिकार्ड करवाना चाहती हूं लेकिन मै इतना जरूर कहना चाहती हूं कि इस काम में बडी ढील हैं डील किस की हैं सबसे जयादा केन्दीय सरकार की हैं दूसरे नम्बर पर हरियााणा सरकार की डील हैं ओर तीसरे नम्बर पर पंजाब सरकार की है। स्पीकर साहब, सब पार्टियों ने मिलकर मुख्य मंत्री जी को यह कह दिया था कि एस0 वाई0 एल0 कैनाल के बारे में आप जो भी फैसला करेगे जो भी कदम उठाऐगो हम आपके साथ हैं यही बात अखबारों में भी आई है। और जब हम दिल्ली में गये थे तब भी हमने यही बात कही थी कि मुख्य मंत्री जी का फैसला लेगे हम उनके साथ हैं। लेकिन स्पीकर साहब, एक बार श्रीमती इन्दिरा गांधी ने 1981 में कस्सी मारी थी क्या आप बतायेगे कि कस्सी मारने के बाद कितना काम हुआ हैं? बे ाक अखबारो में स्टेटमैट आ जाए दिल्ली में कुछ भी बात हो जाये कितना काम हुआ इसका कोई फायदा नहीं। वास्तव में काम कुछ नहीं हुआ। स्पीकर साहब, मैं समझती हूं कि इस में इनकी मजबूरी हैं मजबूरी क्सा हैं बिल पावर की कमी हैं। दूसरे उलटे काम जो करते है कभी भाशा के नाम पर झगडें खडें कर दिये कभी कुछ खडा कर दिया केन्दीय सरकार तो इन्हीं कामों में लगी हुई है। स्पीकर साहब, पंडित जवाहरलाल नेहरू को प्राब्लम पुरूश माना जाता हैं। उन के समय में कभी का मीर का झगड़ा लटका रहा कभी नागालैड का झगड़ा लटका रहा । अगर सरदार पटेल न होते तो हैदराबाद भाायद हिन्दुस्तान की बीच में एक अलग स्टेट कायम हो जाती। बेसिक चीज यह हैं कि झगडा सैन्ट्रल गवर्नमैट खुद

बढानी चाहती है। पंजाब सरकार कांगेस हैं हरियाणा कांगेस सरकार है। और सैन्टर में भी कागेस सरकार है। लेकिन इसके बावजूद काम नहीं हो रहा है। और बिना किसी काम के 90–91 इंजीयिरर्ज को तनख्वाह दी जा रही है। स्पीकर साहब, ये इंजीनियरर्ज पंजाब के हैं और बडे बडे व्यक्यिों के बेटे है। दूसरी तरफ सरकार के पास बाढ़ पीडित लोगों को देने कि लिए रा ान नहीं है सूखी लकडी नहीं है। हमारी माताओं बहिनों और बहु बेटियो को जंगल पानी जाने के लिए खुली जगह का इन्तजाम नहीं कर सकते और लोगों को कम्पनसेसन देने से य कतराते हैं अगर ये पंजाब के लोगों को ही उनकी जमीन का वाजिब कम्पनसेसन दे देते तो भी मै मानती ओर मुझे खु ाी होती क्योकि वहां के किसान की भी हमारे किसान की तरह ही हालात हैं। इनको तो एक ही फिक हैं कि अगले चुनाव मे कहां कहां झग्डें कराने से ज्यादा वोटों मिल सकती है। लोग चाहें पानी में डूबें चाहें सूखें की वजह से परे ाान हो उनकी फसलें सूख जायें चने की बिजाई न हो ओर गेंहू की बिजाई न हो, इनको कोई फिक्र नहीं। इनको तो इस बात की फिक्र हैं कि एि ायाड करवा लो ओर असैम्बलियों और पार्लियामैट में जाकर भाशण दे दो। इनका तो वह हाल हैं कि रोम जल रहा था ओर नीरो बीन बजा रहा था आज दे ा में सूखा है। बाढ़ हैं लेकिन केन्दीय सरकार की ओ से कोई इंतजाम नही किया जा सकता हैं। यहां तो तमा ो किए जा रहें हैं बडे बडे होटल बनाये जा रहे है। और अययाा ाी की दूसरी चीजें बनाई जा रही है। लेकिन नहरें नहीं बन रहीं है। उनकी

मुरम्मत नही हो रही हैं (विघ्न) आप इस एस0 वाई0 एल0 नहर को बनवा दो हम आपको सहयोग देगे। कितना पानी मिलेगा और कितना नहीं मिलेगा इस बात को छोड़ करके आप पहले नहर बनवाइए क्योकि आप यह मानेनें कि जब नहर ही नही खुदेगी तो पानी कहा से आयेगा? यह तो वह बात हुई कि न तो रूई न कुछ और लेकिन तेली से लठम'' (विघ्न) मैं ओर मेरे साथी वहां चलने के लिए तैयार है। ब ार्ते आप सब भी कस्सी लेकर वहां चले। (विघ्न) तो जनाव मैं कह रही थी कि परमात्मा के लिए हरियाणा के सारे पैसे को बिना काम के इंजीनियरर्ज को न दो बल्कि उस पैसे से नहर की खुदाई का काम करवाएं और हम इनका सहयोग देने के लिए तैयार है। जहां तक रेजोल्यू ान का ताल्लूक हैं इसको तो बिना डिसकस किए ही यदि पास कर दिया जाय तो हमे कोई ऐतराज नहीं होगा। हम इसके हक में है।

श्री अमर सिंह (बवानी खेड़ा अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, आज हाउस में बहुत ही अहम प्रस्ताब जेरे बहस हैं। मेरे से पहले बोलने वाले साथियों ने इस बात पर बहुत बल दिया हैं कि रावी ब्यास का पानी जल्दी से जल्दी हरियाणा को मिले। स्पीकर साहब, हरियाणा के अन्दर लगभग एक करोड़ एकड़ भूमि हैं जिसमें से तकरीबन 40 लाख एकड़ भूमि को पानी मिलता है। 31 दिसम्बर 1981 के एग्रीमैंट के मुताबिक हमें 35 लाख एकड़ फीट नया पानी मिलता है। इस पानी पर हमारा भविश्य निर्भर करता है। पंजाब वालों न कोई न कोई बहाना लेकर इस 100 किलोमीटर की

लिंक कैनाल को बनाने में कई साल निकाल दिय है। जबकि हरियाणा के अन्दर कैनाल बनाने में 200 करोड़ रूपया पहले ही खर्च हो चुका है। इच्छा यह थी कि लिंक कैनाल बनने से जो पानी हमें मिले उसे हमारी नहर बारानी पड़े हुए खेतों में पहुचाएं। लगभग 200 करोड़ रूपये का हर साल नई फसलों में नुकसान हो रहा है। अगर यह पानी हमें मिला होता तो आज हरियाणा की हालत कुछ और होती। पंजाब के भाई ऐसा नहीं होने देना चाहते। स्पीकर साहब, नवम्बर, 1966 को हरियाणा। उससे पहले हरियाणा के लोगों को सैकड़ रेट सिटिजन समझा जाता था। बजट में तो हरियाणा के जिलों के लिए पैसा अलौट हो जाता था लेकिन 31 मार्च को उस लैप्स करके पंजाब में खर्च किया जाता था। 1 नवम्बर, 1966 को जो बंटवारा हुआ उसमें भी हमारे साथ ज्यादती हुई। हमें जो हिंस्सा मिलना चाहिए था वह नहीं मिला लेकिन आज जो ज्यादती हरियाणा के लोगों के साथ हो रही है। इसका उनके भविश्य के ऊपर बहुत ज्यादा असर पडेगा। इसे हरियाणा का कोई भी इन्सान अब ज्यादा दे बरदा त नहीं करेगा। हम यह चाहते है कि पंजाब के भाई इस मसले को जल्दी हल करे क्योकि हरियाणा पहले किसी को छेडता नहीं ओर जब छेडता हैं तो छोडता नहीं यह हरियाणा की परम्परा रही हैं आपने देखा होगा कि कुछ साल पहले पैप्सू रोडवेज का मसला हमारे सामने आया था पंजाब के साथ पेसे का कुछ लेन देन था। उन्होनें बसे तो ले ली लेकिन पैसा हरियाणा गवर्नमैट को नहीं दिया। चौधरी बंसी लाल जी उस वक्त हरियाणा के मुख्य मंत्री थे। उन्होने एक

महीने का समय उन्हें दिया। जब उसके बाद भी पैसा नहीं मिला तो पंजाब की सारी बसें जो अपने एरिया में मिलीं कंफाईन करके एक जगह खड़ी कर दी गई । उसका असर यह हुआ कि सैन्ट्रल गवर्नमैट ने यह निर्णय लिया कि पैसा फौरी तौर पर हरियाणा को दिया जाए। उस समय पंजाब के चीफ मिनिस्टर आज के राश्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी थे। इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा पंजाब सरकार को यह कहना चाहता हूं किवह हमें ऐसा स्टैप लेने के लिए मंजबूर न करे। आज पंजाब की स्थिति ठीक नहीं है। वहां कभी काम रोको, कभी रेल रोको अभियान चल रहे है। ओर मुझे डर है कि कहीं सांस रोको अभियान भी वे भाुरू न कर दें। अब वे इस तहरीक मे फसे हुए है। लेकिन हमारे लोगों के जीवन के साथ क्यों खिलवाड कर रहे हैं हरियाणा के लोगों का भविश्य इस पानी पर आधारित है। हमारे पास और कोई भी पानी नहीं है। यह कुदरत की देन है कि हरियाणा के एरिया में इस साल पलड आ गया। यह फल्ड इसलिए आ गया क्योकि हरियाणा में पिछले सालों के मुकाबले में अधिक बारि ा हुई बरसात का पानी लगातार नही मिल सकता। लेकिन जो पानी हमें एस0 वाई0 एल0 नहर का मिलेगा। वह तो परमानैन्ट तौर पर मिलेगा। बादल रोज नहीं बरसते हैं इसलिए यह पानी हमें मिलना चाहिए था। हिन्दुस्तान ने 110 करोड रूपया इन्डो पाकिस्तान ट्रीटी के तहत पाकिस्तान को दिया थां वह पानी आज भी पाकिस्तान को जा रहा है। उस पानी को रोकने के लिए कोई इन्तजाम नहीं किया गया। पंजाब के एरिया में लुधियाना, फिरोजपुर ओर कितने ही ऐसे इलाके हैं जिन

की जमीन पानी की अधिकता के कारण दलदल बनी हुई है। लेकिन वे उस पानी को हरियाणा को देने के लिए तैयार नहीं है। वे कहते है। कि हमारी जमीन में बे ाक सेम या जाय लेकिन वे हमारे भविश्य को अन्धकार में डाल रहें है। यह प्रस्ताव बडा ही टाईमली आया हैं। 31 दिसम्बर, 1981 को प्राइम मिनिस्टर श्रीमती इन्दिरा गांधी ने दस्खत उसी समय राजस्थान के चीफ मिनिस्टर श्री माथुर पंजाब के चीफ मिनिस्टर श्री दरबारा सिंह और हरियाणा के चीफ मिनिस्टर श्री भजन लाल जी ने भी दस्खत किये थे। जब प्राइम मिनिस्टर साहिबा के सामने सभी ने दस्खत किये तो फिर इस एग्रीमैट को इम्पलीमैट कराने में क्या दिक्कत आ रहीं हैं? इस बात से साफ जाहिर हैं कि पंजाब सरकार की नीयत खराब है। वे नहीं चाहते है कि इस प्रोगग्रम को इम्पलीमैट किया जाये। वे कुछ न कुछ गडबड करना चाहते है। गुरू नानक जी का तो यही संदे ा था कि सब मिल कर और बांट कर खायें। सब भाई भाई है। लेकिन आजकल के जो सन्त भिंडरवाला हैं वे कहते हें कढ़ा प्र ाद छको ओर गुरूदारों में रहो। वे इस प्रोगग्रम को इम्पलीमैट नही होने देना चाहते। अगर हरियाणा के साथ इसी प्रकार से ज्यादती होती रही और इस काम में यो ढील होती रही। तो हरियाणा के लोग भी मजबूर हो जायेगे ओर उन्हें भी कोई सख्त कदम उठाना होगा। 88 फीसदी हरियाण के लोग के जीवन का दारोमदार खेती पर हे। हरिजन और मजदूर का जीवन भी किसान के साथ जुड़ा हुआ है। किसान जो अनाज पैदा करता हैं उसकी रोटी रोजी उसी के साथ जुड़ी हुई है। हरियाणा की 40 लाख

एकड़ भूमि में आज के दिन पानी लगता है। अगर यह एस0 वाई0 एल0 का पानी आ जाता है। तो और 35 लाख एकड़ भूमि में पानी लग सकता हैं और किसान खु ाहाल हो सकता है। जब किसान हरिजन ओर बैकवर्ड इलाके के लोग कन्धे से कन्धा मिला कर चलेगें तो उन गरीबों की रोजी रोटी का भी मसला हल हो जायेगा और सभी भाई खु ाहाल होगें।

हरियाणा सरकार ने दो सौ करोड़ रूपया जवाहर लाल नेहरू कैनाल जुई कैनाल और लिफ्ट ईगे ान कैनाल पर खर्च किया है। हरियाणा ने इस पानी के लिए कितनी ही कैनाल बना दी है। लेकिन यह पानी आज तक नहीं मिलां। यें नहरें इस लिए बनायी थी कि एस0 वाई0 एल0 का पानी खेतो में जायेगा। सौ किलोमीटर नहर की खुदाई के लिए सालों साल लगा दिये बीस सुत्री कार्यक्रम के तहत भी सिचाई को प्राथमिकता दी गई है। अगर नहर को बनाने से रोकना है तो फिर इस बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत इसे प्राथमिकता देने की क्या आव यकता थी। हमारी सरकार ने पंजाब सरकार को पैसा दिया दे दिया हैं लेकिन फिर भी क्या वजह है कि नहर को नहीं बनने दे रहें हैं? आप जानते हैं कि चन्डीगढ़ के मामले में यों ही देर हुई हैं। चडीगढ़ हरियाणा मे रहें और हरियाणा का हिस्सा है। यह मामला कितने दिनों से चल रहा है। कितनी ही मौतें हुई लेकिन आज तक चन्डीगढ को फैसला नहीं हुआ। बीस सूत्री प्रोग्रम के तहत खेतों में पानी देने में प्राथमिकता दी जायेगी और खेतों में पानी

तभी आयेगा जब चेनल बनेगी। हरियाणा का साढे बीस करोड़ रूपया पहले ही खर्च हो चुका है। पंजाब वाले कहते हैं कि वह पैसा तो दफ्तर बनाने पर टेलीफोन आदि पर खर्च हो चूका हैं। उस पैसे से तो केवल तीन किलोमीटर नहर की खुदाई हुई हैं। अभी सौ किलोमीटर नहर की खुदाई होनी हैं। पानी न मिलने से हरियाणा को दो सौ करोड़ रूपये का नुकसान हो रहा हैं ओर जो पहले खर्च हो चुका है। वह अलग हैं। पहले खर्च किये हुए पैसे का हम वर्ल्ड बैक को इन्ट्रैन्ड दे रहे है। मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री से और हरियाणा सरकार से प्रार्थना करूंगा कि जितनी तेजी से प्रबन्ध किया जाये उतना ही अच्छा है। तेजी से काम नहीं किया तो हमारे खेतों में पानी नहीं आयेगा। हम नहर की खुदाई नहीं करा पायेगे तो लोग हमें भी नहीं बक ोगे। मेरे से पहले बोलने वाले साथी श्री वीरेन्द्र सिहं जी ने कहा कि हरियाणा और पंजाब में कग्रेस की सरकार हें लेकिन मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि जब सैटर में जनता सरकार थी उस टाईम पर हरियाणा में चौधरी देवी लाल जी चीफ मिनिस्टर थे और श्री प्रका ा सिहं बादल पंजाब में चीफ मिनिस्टर थें। केन्द में श्री मोरार जी देसाई पंधानमंत्री थे उस समय आपने फैसला क्यों नहीं कराया? आपस में फैसला करने की बजाए आप इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले गय। और वहां जा कर मामले को लटका दिया। क्रिटिसिजम के तोर पर आप कहते हैं हमें तो इस बात का हल निकालना हैं कि किस तरह से इस समस्या का समाधान हो। अगर हम इस बात के लिए मजबूर हो गये तो पंजाब के लोग दिल्ली की तरफ कैसे

जायेगे। पंजाब के लोगो को जाने के लिए हरियाणा की भूमि पर से जाने के सिवाए और कोई रास्ता नहीं है। हरियाणा की भूमि से ही रेल और बसें जाती है। हम नहीं चाहते है कि इस तरह की कड़वी बाते आपस में पैदा हो। अगर असी तरह से टाल मटोल चलती रही तो ऐसा न हो कि हरियाणा के लोग कोई सख्त कदम उठाने पर मजबूर हो जाये। हरियाणा के लेागों को एक झलक एस0 वाई0 एल0 की नजर आ रही हैं। हरियाणा को जमुना नदी से भी लिमिटिड पानी मिला है। और इसी तरह से भाखडा से भी लिमिटिड पानी मिला है। इमें एस0 वाई0 एल0 का पानी से 35 एकड भूमि कि लिए पानी मिलेगा। इस पानी के मिलने से हरियाणा में नयी स्फूर्ति नयी पवार आयेगीं । हमारे बच्चों का भविश्य उज्जवल होगा। मै आपके माध्यम से गुजारि ा करूंगा कि पंजाब वाले हमारी इस 35 कपैसिटी भी बढेगी। वे one way or the other टालते जा रहे है। इन भाब्दों के साथ मैं इस रैजोल्यू ान की पुरजोर ताइद करता हूं और इसे सर्वसम्मति से पास किया जाये।

ठाकुर बहादुर सिंह(दड़बा वाले): स्पीकर साहब, आज बहुत ही अहम किस्म का रैजोल्यू ान सदन के सामने आया है। जिसके साथ हरियाणा के किसानों का भविश्य जुड़ा है। मैं इस रैजोल्यू ान के समर्थ्न करेन कि लिए खड़ा हुआ हूं । हमारे बहुत से मानयोग सदस्यों नें इसके समर्थन में बहुत सी बातें कही है। हरियाणा का किसान अपनी ऊपज बढाने और खु ाहाल होने

मैं पीछे इसलिए रहा हे। कि उसके पास पानी का प्रबन्ध नहीं है। आज के दिन हरियाणा के किसानेां की नजरें एस0 वाई0 एल0 के पानी की ओर लगी हुई है। ओर लगी रहेगी। जैसे ही इस नहर का पानी हरियाणा में आया किसानों में खु ाहाली आयेगी ओर लोग सूख की सांस लेगे। इस नहर को बनाने के लिए बड़े दिनों से चर्चा चल रही है। नहर बनेगी आयेगी बहुत बार डिक्लेयर हो चुका है। इस बारे में हमारी सरकार की तरफ से और जो पहले सरकार थी उसकी तरफ से भी बहुत बार डिक्लेरे ान हो चुके है। आज बड़ी खु ाी की बात यह हैं कि हमारे अपोजी ान के भाईयों ने एक रैज्योलूयसन रखा है। और हमसे इस के बारे में हाउस में समर्थ्रन मांगा हैं जबकि पिछलें चार दिनो से हम यह देख रहे हैं। कि सिवाये हर बात का विरोध करने के या किसी को बुरा भला कहने केऔर कुछ नहीं कर रहें हैं यही नहि बहुत सी बाते स्पीकर साहब आपके सामने ऐसी भी आयी जो उन लोगों के बारे में थी जो इस हाउस के मैम्बर्ज नहीं है। उन के बारे में हमारें काबिल सदस्यों ने कई बातें कह डाली। आज इन सदस्यों को यह समझ आया लगता हैं कि बहुत ही अहम लगता है। इससे पहले ये कभी पाईप का तमा ाा दिखाते थे कभी भाराब के क्वार्टर का तमा ाा दिखाते थे और न ये कुछ हुआ तो फाईल उठाकर चल दिये। स्पीकर साहब, यह बडी खु ाी की बात हैं कि आज हमारे ओपीज ान के भाइयों ने हमसे समर्थन मांगा है और सब साथियों ने इस मामले में समर्थन देने की अपील है। हम यह पहले से समझते थे कि आज कुछ वातावरण अच्छा होगा क्योकि सब के

भविश्य की बात हैं भाायद आज खूबसूरती नजर आयेगी। हमारे से भाई जब आई0 पी0 एम0 थे ओर इनका राज्य था चौधरी देवी लाल जी मुख्य मंत्री थे ओर इनके भाई बादल साहब पंजाब के मुख्य मंत्री थें और इसी तरह से सैटर में भी इनका राज था उस वक्त पानी लाना कोई मु कल बात नही थी क्योंकि यह पानी पाकिस्तान को बेकार जा रहा था ओर हरियाणा सूखा मर रहा था। उस समय एक ही बात होती थी सुबह– ाम इकट्ठे होते थे ओर बडी–बडी स्कीमें बनती थी उस वक्त किसी ने नहीं सोचा कि यह नहर बन जाये जिससे हरियाणा को पानी मिले। बदकिस्मती की बात उस समय यह हुई कि बजाये इसके कि वह नहर जल्दी से बनाई जाती उस अच्छे वातावरण में भी इस केस को सुंप्रीट कोर्ट में ले गये। सुप्रीम कोर्ट मे केस कौ इसलिए ले गये ताकि यह मामला लटकता रहे ऐसी इनकी कोई नीयत थी मैं यह बात नहीं कहता । लेकिन एक बात का यहां पर बार बार आरोप लगाया जाता है। कि हमारी सरकार ने इस नहर को नहीं बनने दिया। अगर हमारी सरकार ने इसको नहीं बनाया तो आपने भी तो इसको नहीं बनाया। मैं अपने माननीय सदस्यों से यह प्रार्थना करूंगा कि वे हर मामले पर इस तरह न सोचे कि हमने राज हासिल करना है। राज्य आपके पास पहले था आप उस दौरान कुछ नहीं कर सके अब क्या करोगे आप तो यह सोचते हो कि भजन लाल जी हट जायें तो सब कुछ ठीक हो जायेगा या कांग्रेस पार्टी की सरकार हट जाये सब कुछ ठीक हो जायेगा। यह कोई ठीक बात नहीं है। अगर आप यह चाहते हो कि नहर भी न खुदे ओर राज

भी मिल जाये ऐसा होने वाला नहीं हैं। 1977 में राज दूसरी पार्टी के हाथ में आया था जैसे मैनें पहले बताया कि उस समय देवी लाल मुंख्य मंत्री थे । इनके बड़े भाई प्रका ा सिह बादल अकाली पार्टी के साथ पंजाब में थे ओर सैन्टर में भी इनके आदमी थे उस वक्त यह काम क्यों नही किया जा रहा सका और इस मामले को सुंप्रीम कोर्ट में क्यों ले गये। इसको आपस में हल क्यो नही कर सके। 1980 में इनके हाथ से राज चला गया। पता नहीं राज करना नहीं आया या कोई दूसरा कारण था लेकिन जब इनके हाथ से राज चला गाया तो इन्दिरा गांधी के पास कांगेस पार्टी के हाथों में राज आ गया। राज उस नेता के हाथ में आया जो दे ा का नेता था और जिसने दे ा को बनाया था श्रीमती इन्दिरा गांधी ने हरियाणा के हितों की हमे ाा रक्षा की हैं। हमे ाा की तरह फिर उसने पंच फैसला किया ओर 1981 में इस फैसले पर तीनों मुख्य मंन्त्रियाकें के हस्ताक्षर हो गये। यह बड़ी अच्छी बात थी और ऐसा लगता था कि अब यह मसला खत्म हो जायेगा। इस सब के बावजूद हमारे इन भाइयों की मेहरबानी समझ लीजिये या हमारे एक्स मुंख्य मंत्री जी के बडे भाई साहब की मेहरबानी कह लीजिय। कुछ ऐसा हुआ कि वह काम जब हमारी महबूब नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी ने उदघाटन किया वह सिरे नहीं चढ सका। जब हमारी नेता इसका उदघाटन करने के लिए और नहर बनाने का काम भाुरू करवाने के लिये आयी थी तो लोग बड़ी गिनती में वहां आये थे जिनको हरियाणा के साथ हमदर्दी थी ।ये लोग यहां पर बाते तो करते हैं कांग्रेस सरकार की अलोचना भी करते है। लेकिन मैं

इनको पूछना चाहता हूं कि इनमें से कोई भाख्सीयत इनको कोई स्पोर्टर या कोई साथी वहां पर नहर की खुदाई आरम्भ होने के बारे आया था। नहीं आया। (व्यवधान एवं भाोर)

